उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 25.04.2025 को नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस अधिकारियों संग पहली परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जनपद महोबा में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर प्राथमिकताओं के आधार पर अपराध पर जीरोटालरेंस की नीति के तहत कार्य किये जाने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देशः-

दिनांक 24 अप्रैल 2025 की देर सायं नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ पहली परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त कर वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिसिंग संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करते हुए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिला सुरक्षा को भी विशेष प्राथमिकता देते हुए संबंधित इकाइयों को संवेदनशील दृष्टिकोण से कार्य करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी जनसुनवाई और बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग अपराध नियंत्रण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसे और अधिक सक्रिय एवं सशक्त किया जाएगा। साथ ही, थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र की कानून व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अपेक्षा की कि वे निरंतर क्षेत्र में भ्रमण करें, रजिस्टर नम्बर 8 व पार्ट-2 की नियमित चेकिंग कर उसे अपडेट रखें।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अंतर्गत अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी संवेदनशील मामले में यदि शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सीधी और कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी कार्यवाही पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत तरीके से की जाए।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जेल से छूटे अपराधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा उनके डोज़ियर तैयार कर रखे जाएं। आगामी पंचायत चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अपराधियों का सत्यापन प्राथमिकता से कराने के निर्देश भी दिए गए।

थानों में रखे जाने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे अपराध, भूमि विवाद, हिस्ट्रीशीट, त्यौहार इत्यादि की केसवाइज, डेटवाइज और तिथि अनुसार नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दिए गए इन सभी निर्देशों की समीक्षा होने वाली आगामी क्राइम मीटिंग में की जाएगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रधान लिपिक शशि तोमर, सीए जाकिर हुसैन, पीआरओ विषय देव बुन्देला सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थाना प्रभारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 25.04.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सलामी ली गयी, पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

आज दिनांक 25.04.2025 को श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़/परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए,

इसी क्रम में पुलिस लाइन अवस्थित क्वार्टर गार्द पहुंचकर सलामी ली गयी तथा क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया साथ ही साथ पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत किया निरीक्षण। स्वयं भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, सभी कर्मचारियों को मिलने वाले भोजन में गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर निर्माणकार्य में पूर्ण गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश।

पीआरवी चालकों को प्राप्त इवेंट में अति शीघ्र पहुंचते हुए प्राथमिक उपचार एवं क्राइम प्रोटेक्शन किट का प्रयोग करते हुए घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए सही फोटोग्राफी करने एवं आग लगने पर फायर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किए जाने एवम रात्री 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे के बीच पीड़ित एवम् असहाय महिला की मदद नियमानुसार करने तथा आवश्यक पुलिस सेवाओं को प्रदान करने हेतु ट्रोल फ्रई नंबरों को दिए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया तथा उनकी व्यक्तिगत व सामूहिक समस्या पूछी गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में रजिस्टर पेशी के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम कर सम्बन्धित कर्मी को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार व पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री विषय देव बुन्देला सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## 25,000 रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त को श्रीनगर पुलिस ने यूपी/एमपी बार्डर से किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में, थाना श्रीनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक 25.04.2025 को थाना श्रीनगर के प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उ0नि0 निकिता शुक्ला, उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल, का0 विकास सरोज तथा का0 विवेक दिवाकर की पुलिस टीम द्वारा, मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए, थाना श्रीनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/25 धारा 64(1)/87/137(2) बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित फरार व 25,000 रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त भान सिंह यादव पुत्र लाखन सिंह यादव निवासी ग्राम पिपरामाफ, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को कैमाहा बॉर्डर, थाना क्षेत्र श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था तथा वह लम्बे समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे आज संबंधित माननीय न्यायालय, महोबा के समक्ष पेश किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

भान सिंह यादव पुत्र लाखन सिंह यादव निवासी: ग्राम पिपरामाफ, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा

**गिरफ्तारी स्थान:** कैमाहा बॉर्डर, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. SHO श्री अवधेश कुमार मिश्र
2. उ0नि0 निकिता शुक्ला 3. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
4. का0 विकास सरोज 5. का0 विवेक दिवाकर

**जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है एवं अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्यवाही जारी रखेगी।**

